महत्वपूर्ण एवं खास

नकल के आरोप में छात्र के साथ कॉलेज में मारपीट

देहरादून (आरएनएस)। एक कलेज में परीक्षा देने आए छात्र को नकल के आरोप में प्रिंसिपल, चेयरमैन और कॉलेज के स्टाफ ने पीट दिया। इस बाबत छात्र के पिता द्वारा गढ़ी कैंट पुलिस थाने में तहरीर दी गई है। साथ ही कॉलेज प्रशासन का आरोप है कि परीक्षा के दौरान छात्र के पास मोबाइल पकड़े जाने के बाद उसने टीचर के साथ अभद्रता की थी।

मतगणना होगी 17 चक्र में, प्रत्याशियों की चिंता बढ़ी

जगदलपुर (आरएनएस)। प्रदेश में अगली सरकार बनाने की प्रक्रिया की अंतिम कड़ी मतगणना की ओर अब प्रत्याशियों सहित लोगों की निगाहें लगी हुई हैं। अगली 11 दिसंबर को मतगणना संभावित रूप से 17 चक्रों में हो सकती है। इसके लिए पूरी तैयारियां की जा रही हैं और धरमपुरा स्थित महिला तकनिकी महाविद्यालय में सबसे ऊपर की मंजिल पर मतगणना का कार्यक्रम संपन्न होगा।

धान खरीदी के इंतजार जारी, 11 के बाद आयेगी तेजी

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले में धान खरीदी की शुरुआत के बावजूद केंद्रों में धान की आवक बहुत कम है। हालांकि सोमवार से थोड़ी तेजी आ सकती है। लेकिन किसानों को 11 दिसंबर के परिणाम का इंतजार है। क्योंकि कर्जमाफी के चुनावी वायदे की तस्वीर साफ हो जायेगी। किसानों को भी पता चल जायेगा कि कर्जमाफी होगी या नहीं। इसी आस के चलते किसानों ने जानबूझकर धान को उपार्जन केंद्रों में नहीं ले पा रहे हैं। आधा दर्जन केंद्रों में सन्नाटा पसरा हुआ है।

अब रविवार को भी मिलेगी रसोई गैस

जगदलपुर (आरएनएस)। शहर की एचपी गैस एजेंसी में रविवार को भी गैस वितरण जारी रखा जायेगा। इसके साथ ही केवाईसी अपडेट का काम भी किया जाएगा। एजेंसी के संचालक मुरली कश्यप ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने अब तक केवाईसी जमा नहीं की है, वे कल रविवार को अंतिम तिथि पर भी पहुंचकर जमा करा सकते हैं। जिन उपभोक्ताओं को मोबाइल पर एसएमएस से जानकारी और एजेंसी के सूचना पटल पर सूची चस्पा की है, वे अपने आधार कार्ड, बैंक खाता और गैस कार्ड की फोटोकॉपी जमा कर सकते हैं।

अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 5 नक्सली गिरफ्तार

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर पुलिस ने 5 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो एक-एक लाख जबकि एक तीन लाख का इनामी है। गिरफ्तार नक्सलियों में मिरतुर एलओएस सदस्य मंगलो तेलाम, तीन लाख की इनामी एरिया सप्लाई टीम प्रभारी मीना तेलाम, डीकेएएमएस सदस्य भीमा कुंजाम को भांसी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। ये सभी आगजनी, रेलवे सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित अन्य घटनाओं में शामिल रहे हैं। दूसरी गिरफ्तारी बारसूर थाना क्षेत्र के मंगनार इलाके से की गई है।

यहां से जनमिलिशिया कमांडर दशमन कवासी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है जो सड़क काटने, पुलिस की रेकी करने सहित अन्य काम किया करता है। इस पर भी एक लाख रुपए का इनाम घोषित है। तीसरी गिरफ्तारी जनमिलिशिया डिप्टी कमांडर फगनू मकामी की है। पुलिस ने गाटम-लखापाल के बीच घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। यह हत्या, ब्लास्ट जैसी घटनाओं में शामिल रहा है। एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों से कई जानकारियां पता चली हैं। आने वाले समय में और भी नक्सलियों की गिरफ्तारी होगी।

हिंदी के प्रोफेसर के साथ दुर्व्यवहार,रेलमंत्री को ट्वीट

बिलासपुर, 25 नवंबर (आरएनएस)। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर मुरली मनोहर सिंह के साथ जोनल स्टेशन में मोटर साइकिल पार्किंग के कर्मचारियों ने दुर्व्यवहार किया। अपशब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी तक दी। नाराज प्रोफेसर ने रेलवे में लिखित शिकायत करते हुए रेलमंत्री पीयूष गोयल को यात्रियों के साथ स्वच्छ व्यवहार करने ट्वीट किया। असिस्टेंट प्रोफेसर मुरली 23 नवंबर को गेट नंबर तीन स्थित मोटरसाइकिल पार्किंग स्टैंड में बाइक रखकर रायपुर गए थे। शनिवार की सुबह 9.45 बजे वापस बिलासपुर पहुंचे। स्टैंड में कर्मचारी को नियमानुसार पर्ची जमा करने के बाद जैसे ही बाइम स्टार्ट किया तो गाड़ी चालू नहीं हुआ। पता चला की पेट्रोल नहीं है। जबकि बाइक में एक दिन पहले ही पांच लीटर पेट्रोल डलवाया था। पार्किंग में बाइक रखने के दौरान मीटर ठीक-ठाक बता रहा था। आज अचानक पेट्रोल का कांटा जीरो पर आ गया। स्टैंड के कर्मचारियों को बुलाकर पूछा तो उन्होंने चुपचाप जाने कहा।

जमीन अधिग्रहण कर बने राम मंदिरः बाबा रामदेव

हरिद्वार (आरएनएस)। बाबा रामदेव ने कहा कि सरकार जैसे सड़क, कालेज, एयरपोर्ट को लेकर भूमि अधिग्रहण करती है, उसी तरह से श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर भी जमीन अधिग्रहण कर उसे श्रीराम मंदिर न्यास को सौंप दिया जाना चाहिए। ट्रस्ट में हिन्दू और मुस्लिम दोनों का प्रतिनिधित्व होना चाहिए।

शनिवार को पतंजलि गुरुकुल में आयोजित समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत में बाबा रामदेव ने कहा कि श्री राम मंदिर निर्माण के दो ही विकल्प है। या तो संसद कानून बनाए या लोग फिर खुद मंदिर निर्माण करें। अगर लोग खुद मंदिर निर्माण करेंगे तो कहा जाएगा कि कानून हाथ में लिया जा रहा है। इससे देश में सांप्रदायिक सद्भावना बिगड़ने की भी संभावना बनती है। ऐसे में श्रेष्ठ विकल्प कानून ही है।

बाबा रामदेव ने कहा कि भाजपा या नरेंद्र मोदी का विरोध हो सकता है, लेकिन राम का राष्ट्र में कोई विरोध नहीं है। क्योंकि श्रीराम तो हम सभी के पूर्वज हैं। यह जमीन नहीं जमीर से जुड़ा मामला है। रामदेव ने कहा कि कोर्ट के फैसले की देरी से लोगों के सब्र का बांध टूट रहा है। हम चाहते हैं कि सद्भावना बनी रहे। इसके लिए कानून ही एकमात्र श्रेष्ठ कदम है। राष्ट्र और राम भक्त नरेंद्र मोदी को मंदिर निर्माण को लेकर कानून लाने में देरी नहीं करनी चाहिए। क्योंकि लोकतंत्र में संसद से बड़ा कोई मंदिर नहीं है।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

कोरबा (आरएनएस)। लमना हाई स्कूल के समीप तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक में सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 अ भादवि के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कोरिया जिला अंतर्गत ग्राम शिवपुर निवासी सुंदर सिंह गोढ़ पिता धरमपाल दो माह पूर्व ट्रेक्टर लेकर बांगो थाना अंतर्गत ग्राम आमा टिकरा की ओर आया हुआ था। जो 22 नवंबर को किसी काम से अपने परिचित सुखनंदन व शिव कुमार के साथ चोटिया आया हुआ था। जहां से वे बाइक क्रमांक सीजी 12 एजे 7166 से आमाटिकरा जा रहे थे।

गुस्सये प्रेमिका ने तोड़ा मंडप, किया हंगामा

नैनीताल (आरएनएस)। पीएसी कर्मी की शादी की भनक लगते ही मंडप में एकाएक प्रेमिका आ पहुंची और हंगामा करने लगी। गुस्साई प्रेमिका ने सजे मंडप को को पैर मारकर तोडफ़ोड़ की। रणचंडी बनी प्रेमिका के हंगामे से शादी समारोह में अफरातफरी मच गई। इसके बाद शादी की रस्मों को रोकना पड़ा। लड़की पक्ष ने अब शादी से इन्कार करते हुए लड़के पक्ष से हर्जाना मांगा है। साथ ही पुलिस से दूल्हे के खिलाफ 420 का मुकदमा दर्ज करने को कहा है। लड़के की मां ने लड़की पक्ष की बात पर हामी भरी है। वहीं, मंडप में लात मारने पर दुल्हन बनी लड़की भी आपे से बाहर हो गई और उसने प्रेमिका की धुनाई कर दी। इसके बाद बमुश्किल लोगों ने उसे शांत किया।

यह दिलचस्प वाकया शनिवार दोपहर का है। माल रोड सेंट्रल होटल में धूपकोठी मल्लीताल निवासी मदन सिंह के राजभवन में तैनात पीएसी कर्मी बेटे मयंक सात नंबर निवासी पूर्व सैनिक की बेटी से शादी धूमधाम से हो रही थी। शानदार पार्टी का आयोजन था। वरमाला की रस्म के बाद मंडप में धार्मिक रीति रिवाज के साथ शादी की रस्म शुरू हुई तो तभी रुद्रपुर से प्रेमिका धमक गई। प्रेमी को दूल्हा बना देख गुस्सा सातवें आसमान में पहुंच गया और उसने मंडप को तहसनहस कर डाला।

मोबाइल की जगह मिली साबुन की टिकिया

उत्तरकाशी (आरएनएस)। ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर हाईटेक बदमाश जनता को शिकार बनाकर मेहनत की कमाई लूट रहे हैं।

इस बार एक ऑनलाइन कंपनी के नाम पर कम रेट में मोबाइल खरीदने पर बड़कोट निवासी नदीम को साबुन की टिकिया भिजवा दी। तो नंदगांव निवासी से लॉटरी के नाम पर 6000 रुपये लूट लिए। बड़कोट में वर्षों से नाई का काम करने वाले नदीम का कहना है कि टीवी में चल रहे विज्ञापन को देख कर उसने 3999 का आइकोन कंपनी का मोबाइल बुक कराया। कुछ दिनों बाद कंपनी ने साबुन की टिकिया भेज दी। फिर कंपनी के द्वारा दिए गए नंबर पर काल की तो फिर से उन्होंने घड़ी डिटर्जेंट की टिकिया भेज दी। परेशान नदीम ने बताया कि लगातार उसे डाक विभाग का चार्ज देना पड़ा।

रेलवे में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने 10 हजार सुरक्षाकर्मियों की जल्द होगी बहाली-अरूण कुमार

रायपुर (आरएनएस)। रेलवे में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के लिए जल्द ही 10 हजार सुरक्षाकर्मियों की बहाली की जाएगी। यह जानकारी रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक अरुण कुमार ने आज प्रेस कांफ्रेंस में दी।

श्री कुमार ने रेलवे में जल्द ही 10 हजार सुरक्षा बलों की नियुक्ति की जायेगी, जिसमें आरपीएफ और जीआरपी दोनों तरह के जवान शामिल होंगे।

उन्होंने वर्ष 2018 अक्टूबर के दौरान विभाग की कई उपलब्धियों की जानकारी दी। महानिदेशक ने बताया कि ट्रेनों में सुरक्षा के साथ-साथ स्वच्छता और सहुलियत का भी खास ख्याल रखा जा रहा है। रेलवे ने सुरक्षा और सरलता के लिहाज से रेलवे ने बड़े ही ठोस कदम उठाये हैं।

उन्होंने कहा कि अवैध कब्जा के 83 मामले में 102 आरोपियों को पकड़कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 1,35,553 रुपये की बरामदगी की गई।

इधर 10144 व्यक्तियों को रेलवे अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया और आरोपियों से 26,38,200 जुर्माना भी वसूला गया।

परिवार के साथ डिनर बच्चों को बनाएगा हेल्दी

परिवार के साथ समय बिताना किसे अच्छा नहीं लगता है। आप कितने भी व्यस्त हों, आप रात का खाना परिवार के साथ बैठकर खाने के लिए समय जरूर निकाल लेते होंगे। इससे दिन में कम से कम एक वक्त तो पूरा परिवार साथ में रहता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि साथ खाना खाना सेहत के लिए भी फायदेमंद है। खासकर, बच्चों में परिवार के साथ खाने से हेल्दी आदतें विकसित होती हैं।

कनाडा में हुए एक रिसर्च में सामने आया है कि साथ खाना खाने से पूरे परिवार का पोषण बढ़ता है। खासकर, यह बच्चों के लिए काफी फायदेमंद है। इस रिसर्च के लीड रिसर्चर कैथरीन वॉल्टन का कहना है कि परिवार के साथ खाने से सभी के पौष्टिक खाने की मात्रा बढ़ सकती है। इसी वक्त आप बच्चों को भी पौष्टिक खाने के फायदे बताकर उनमें अच्छी आदतें डाल सकते हैं। यहां इस बात का फर्क नहीं पड़ता है कि खाने के अलावा बाकी समय में परिवार के लोग कैसे रहते हैं। डिनर के समय हर कोई अपनी व्यस्तता को छोड़कर आपस में बातें करता है और साथ में अच्छा समय बिताता है। पैरेंट्स को भी इस समय बच्चों को अच्छी आदतें बताने का समय मिल जाता है। सिर्फ साथ खाना ही नहीं, अगर परिवार खाना बनाने में भी सहयोग करता है तो यह और भी फायदेमंद होता। यहां तक कि बच्चों से सलाद मंगवाना, कुछ और लाने को कहना भी उनमें अच्छा खाने की आदत डाल सकता है।

अपने-अपने काम में व्यस्त होने के कारण अक्सर परिवार के लोग साथ में खाना नहीं खाते हैं। लेकिन अगर वे इसके लिए समय निकाल लें तो पूरे परिवार के भोजन में पौष्टिक आहार की मात्रा बढ़ सकती है।

कोल माफियाओं के हौसले बुलंद, पत्रकार गोविंद शर्मा और अमित संतवानी पर किया जानलेवा हमला, गोविंद शर्मा आईसीयू में

बिलासपुर। बीते दिन शनिवार को मुंगेली जिले के सरगांव थानां क्षेत्र के पास पत्रकार गोविंद शर्मा और अमित संतवानी पर आकाश सिंघल, अंकित अग्रवाल और अनिरुद्ध अग्रवाल ने अपने 20-25 गुंडों के साथ हमला बोल दिया जिससे गोविंद शर्मा को काफी गंभीर चोटें आई है और वे आईसीयू में है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोविंद शर्मा अपने 2 पत्रकार साथी के साथ मुंगेली गए हुए थे। आते समय सरगांव थाने में आरटीआई लगाते हुए वापस आ ही रहे थे कि उनके पीछे कुछ वाहन फॉलो करने लगे। कुछ देर बाद सामने अनिरुद्ध अग्रवाल और अंकित अग्रवाल गोविंद शर्मा की खड़ी के सामने अपनी सफेद कलर की गाड़ी टोयोटा और फॉर्च्यूनर रोककर बोले, आओ बात करनी है। जैसे ही ये तीनो पूजा ढाबा पहुँचे अमित और गोविंद पर आकाश सिंघल, अंकित अग्रवाल और अनिरुद्ध अग्रवाल सहित 20-25 गुंडे टूट पड़े। हालात ऐसे थे कि बच कर निकलना मुश्किल था।

इस परिस्थिति में पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध साफ नजर आती है क्योंकि सरगांव थाने के अलावा किसी को नही मालूम था कि वहां आरटीआई लगाए हैं और सरगांव से निकले हैं, थाने से निकलते साथ ही पत्रकारों कही गाड़ी को अन्य गाड़ियों द्वारा फॉलो करना, गुंडे तैयार रहना, आदि पहले से पूरी जानकारी होने की संकेत दे रहा है।

मुंगेली पुलिस को जानकारी देने के बावजूद अभी तक एफआईआर का दोषियों के विरूद्ध दर्ज नहीं किया जाना बेहद अनुचित प्रतीत होता है। पत्रकारों के अनुसार, दोषियों का कहना था कि हम पुलिस को रकम पहुचाते हैं हमारा कोई कुछ नही बिगाड़ सकता।

पहले भी अमित संतवानी द्वारा लगातार आकाश सिंघल के कोल डिपो में अवैध भंडारण की शिकायत की जाती रही है और व्हाट्सएप में भी जानकारी दी जाती रही लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। सारे सबूत मोबाईल में थें, इसी कारण आकाश द्वारा अमित के मोबाइल को बुरी तरह से तोड़ दिया गया। बिलासपुर पुलिस के पास भी अमित द्वारा आकाश सिंघल के खिलाफ पहले से ही 3 शिकायत की जा चुकी है मगर आज तक कोई कार्यवाही नही हो सकी। पैसे के दम पर ये तीनो कोल माफिया किसी को कुछ नही समझते अपने आगे।

यह बेहद अफसोसजनक और दुखद पहलू है कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में पत्रकारों पर लगातार हमले किए जा रहे बावजूद इसके सरकार और प्रशासन मूकदर्शक तमाशाबीन साबित हुआ है।

इस संबंध में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के रायगढ़ जिलाध्यक्ष ऋषिकेश मुखर्जी ने कहा है कि आरोपियों के खिलाफ अगर त्वरित कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन के बैनर तले न्यायधानी में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

लंबे समय से पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग

गोविंद शर्मा पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष हैं और पत्रकारों को लेकर सुरक्षा कानून की मांग व आंदोलन करने में अग्रणी रहें हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर लंबे समय से मांग की जा रही है, सुरक्षा कानून को लेकर राजधानी से लेकर न्यायधानी तक, कोयलांचल से लेकर ऊर्जांचल तक, बस्तर से लेकर मोहला मानपुर तक आदि समस्त हिस्सों में रैली, ज्ञापन व धरना प्रदर्शन किया जा चुका है। प्रदेश के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और मुख्य सचिवों से लेकर कलेक्टर, एसपी और एसडीएम तक को ज्ञापन सौंप कर मांग की जाती रही है।

इन सब बातों पे गौर करे तो पत्रकार कहीं भी सुरक्षित नही नज़र नही आते। अभी तक पत्रकार सुशील पाठक के हत्यारों को नही पकड़ा जा सका है और दिन प्रतिदिन पत्रकारो को प्रताड़ित किए जाने से लग रहा है कि लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ सुरक्षित नहीं रह गया है।

कुछ नए, रोमांचक के साथ वापस आऊंगी : जेनिफर

अभिनेत्री जेनिफर विंगेट का शो बेपनाह ऑफ एयर होने जा रहा है।

ऐसे में अभिनेत्री ने अपने प्रशंसकों को भरोसा दिलाया है कि वह जल्द ही कुछ नए व रोमांचक चीजों के साथ ऑनस्क्रीन वापसी करेंगी। जेनिफर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, थोड़े विराम के बाद मैं कुछ नए और ज्यादा रोमांचक के साथ वापस आऊंगी इसलिए विनम्रता से आपसे सम्मान करने का अनुरोध करती हूं। हर अंत के बाद एक नई शुरुआत होती है। नए अवतार के लिए साथ बने रहें। उन्होंने कहा कि हर अच्छी चीज का समापन होता है और जल्द ही पसंदीदा शो बेपनाह भी प्रसारित होना बंद हो जाएगा।

2019-20 में 6 फिल्मों में नजर आएंगे जॉन अब्राहम!

बॉलीवुड की मुलाकातें कभी यूं ही नहीं रहती, खासकर जब मुलाकातें जल्दी-जल्दी हों तो जरूर कोई बड़ी खबर आने के कयास लगाए जाने लगते हैं. हाल ही में एक्शन स्टार जॉन अब्राहम भी कुछ ऐसी ही मुलाकात करते नजर आए हैं. अब खबर है कि आने वाले साल यानी 2019-20 में जॉन 6 फिल्मों में बैक टू बैक नजर आने वाले हैं.

ये दिग्गज होंगे साथ

जी हां कुछ ही देर पहले तरण आदर्श ने एक तस्वीर के साथ यह खबर दी है. ट्रेंड एनालिस्ट तरण ने कुछ देर पहले एक तस्वीर के साथ जानकारी दी कि टी सीरीज से भूषण कुमार, जेए इंटरटेनमेंट से जॉन अब्राहम, मोनीशा आडवानी, मधु भोजवानी और एमी इंटरटेनमेंट के निखिल आडवानी जॉन अब्राहम के साथ 6 फिल्में बनाने जा रहे हैं. लेकिन एक प्रोजेक्ट ऐसा भी हैं जहां जॉन सिर्फ प्रोड्यूसर के तौर पर शामिल रहेंगे.

जल्द होगी विस्तार से घोषणा

इसके बाद ही एक दूसरी पोस्ट में तरण ने बताया है कि निखिल आडवाणी इन कॉमन प्रोजेक्ट्स में निर्देशन करने के लिए तैयार हैं. इसके साथ ही वह निर्माता के रूप में भी टीम का हिस्सा होंगे. इन फिल्मों में जो दूसरे निर्देशक शामिल हैं उनमें गौरव चावला, समर शेख, काशी नायर और रणजीत तिवारी के नाम शामिल हैं. यह सभी 6 फिल्में 2019-20 के बीच सामने आएंगी. जल्द ही इनके बारे में डीटेल में जानकारी दी जाएगी.

भारत की शूटिंग के लिए दिल्ली पहुंचे सलमान खान

बॉलिवुड सुपरस्टार सलमान खान इस समय अपनी अगली फिल्म भारत की शूटिंग में काफी बिजी है. हाल में इस फिल्म की शूटिंग पंजाब के लुधियाना में हुई थी. अब इस फिल्म का दिल्ली शेड्यूल शुरू होने जा रहा है और सलमान शूटिंग के लिए राजधानी दिल्ली पहुंच चुके हैं। हाल में सलमान खान का विडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहा है जिसमें सलमान अपनी कार में फ्रंट सीट पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। विडियो में दिखाई दे रहा है कि यह गाड़ी दिल्ली की सड़क पर है और शायद सलमान अपनी शूटिंग लोकेशन पर जा रहे हैं।

फिल्म भारत के प्रड्यूसर अतुल अग्निहोत्री द्वारा शेयर की गई एक पोस्ट के मुताबिक, यह फिल्म की शूटिंग का 57 वां दिन है।